Seventeenth Loksabha

an>

Title: Need to start operation of Coach Factory in Latur, Maharashtra - laid.

श्री सुधाकर तुकाराम श्रंगारे (लातूर): दशकों के सूखे से बरबाद हुई लातूर की अर्थव्यवस्था को सुधारने तथा यहां रोजगार की संभावनाएं बढ़ाने हेतु कुछ साल पहले सरकार ने यहां लातूर कोच फैक्ट्री की स्थापना का निर्णय लिया तथा इस पर तेजी से कार्यवाही करते हुए लातूर कोच फैक्ट्री का निर्माण कार्य भी समयबद्ध ढंग से पूरा हो गया है । चिन्ता का विषय यह है कि निर्माण कार्य पूरा किए जाने के लगभग दो सालों के बाद भी इस फैक्ट्री में कोच निर्माण कार्य चालू नहीं हुआ है । लातूर के स्थानीय लोगों व नवयुवकों को इस कोच फैक्ट्री से भारी आशाएं हैं । यही नहीं इसको जरूरी उपकरणों की आपूति करने हेतु यहां बड़ी संख्या में अनुषांगिक वर्कशाप भी लगने की उम्मीद थी जिससे यहां बड़ी संख्या में रोजगार के अवसर पैदा होंगे । कोच निर्माण कार्य शुरू होने में विलम्ब के कारण यहां लातूर के लोगों में काफी निराशा व्याप्त होती जा रही है । मुझे ज्ञात हुआ है कि सरकार इस फैक्ट्री में कोच निर्माण कार्य शुरू करने हेतु कोई कंपनी गठित करने पर विचार कर रही है परन्तु इस विषय में असाधारण देरी के कारण यहां के निवासियों में असंतोष की स्थिति व्याप्त हो गई है । मेरा सरकार से अनुरोध है कि लातूर कोच फैक्ट्री में कोच निर्माण कार्य शीघ्रातिशीघ्र शुरू करने हेतु तत्काल कदम उठाए जाएं तथा समयबद्ध ढंग से इस फैक्ट्री में परिचालन आरंभ किया जाए ताकि यहां स्थानीय लोगों को रोजगार के पर्याप्त अवसर मिल सकें तथा परिणामस्वरूप लातूर की अर्थव्यवस्था में सुधार हो सके ।